कोलकाता
शुक्रवार, 05 मई, 2023
बैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
विक्रम संवत-2080
वर्ष 29 || अंक 165 | पृष्ठ: 8
मूल्य: तीन रुपए

RNI NO.-53267/94

# आर्थिक धारा

अपनो से करते हो प्यार, तो
मास्क को मत करो इनकार



नया तेवर, नया नजरिया



www.aarthikdhara.com

2 बंगाल में एनआरसी लागू नहीं...

7 रश्मिका मंदाना संग डेटिंग की अफवाह पर.....



# डीपीएस में पूर्व वायस चेयरमैन के स्मारक पट्टिका का अनावरण

आसनसोल।

दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में पूर्व प्रो. वायस चेयरमैन स्व. रमेश गोयनका की स्मृति में उनकी स्मारक चित्र पट्टिका का अनावरण कार्यक्रम वृहस्पतिवार को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ सम्पन्न हुआ। चित्र पट्टिका का अनावरण वर्तमान प्रो. वायस चेयरमैन प्रतीक गोयनका ने किया। अवसर पर संयोजिका दीप्ति घोष सहित समस्त अध्यापक, कार्यालय कार्यकर्ता तथा छात्र शामिल हुए। सभी ने श्री गोयनका को भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा निर्दिष्ट मार्ग का अनुसरण करने के संकल्प की प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रतीक गोयनका ने अपने सम्बोधन में नश्वर संसार की क्षणभंगुरता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से



अपने माता-पिता का सदैव आदर और सम्मान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनसे बढ़कर हमारा शुभचिंतक कोई नहीं हो सकता। छात्रों ने विशेष प्रार्थना सभा आयोजित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सुमधुर गीत की प्रस्तुति ने विद्यालय परिसर को भाव-विभोर कर दिया। संयोजिका दीप्ति घोष ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि जिस समय उन्होंने इस संस्था का कार्यभार संभाला तो यहाँ की सुव्यवस्था को देख हतप्रभ थी। जब नेतृत्व की डोर कुशल हाथों में हो तो इस प्रकार के सुफल की प्राप्ति निश्चित है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रगति में हमारे मार्गदर्शक रमेश गोयनका का जो योगदान रहा, उसी का परिणाम है कि आज हम शिक्षा के क्षेत्र में, समाजोत्थान रूपी हवन में अपने हिस्से की आहुति देने में समर्थ हो रहे हैं। विद्यालय में संपादित हो रहे विभिन्न कार्यक्रम उनके द्वारा देखे गए सपनों का साकार रूप है। भविष्य में हमें और अधिक उत्साह एवं जोश के साथ इस उन्नति में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करने के लिए तत्पर रहना है। हम सभी उनके पदचिह्नों पर चल अपना शत-प्रतिशत दे निरंतर विद्यालय की प्रगति में सदैव अपना योगदान देते रहेंगे।